हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

### बच्चों में सुआ नृत्य की उत्साह

मुंडा। ग्रामीण क्षेत्र में दीपावली का त्योहार जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं वैसे वैसे लोगों में उत्साह देखने को मिल रहे हैं। इन दीनों सुवा नाचने छोटे-छोटे बच्चे जवान टोली बनाकर गांव के गली मोहल्ले में सुवा नृत्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।



## खबर संक्षेप



### आरु नाइट स्टार का कार्यक्रम आज

**पलारी।** ग्राम घिरघोल में नवरात्रि के उपलक्ष में 24 सितम्बर को आयोजित कार्यक्रम अधिक बारिश के कारण स्थगित हो गया था जिसे पुनः आज आयोजित किया 14 अक्टूबर को आयोजित किया जावेगा।

### बंगोली में हुआ सार्वजनिक शौचालय निर्माण



**बंगोली।** ग्राम पंचायत बंगोली के सरपंच उत्तम वर्मा के कार्यकाल के दौरान 2 लाख की लागत से 15 वें वित्त आयोग जनपद स्तर से धीवर पारा मे सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया गया है।

### स्मार्ट मीटर से उपभोक्ता परेशान

**गोपालपुर।** राज्य मे बिजली विभाग ने सभी गांवों- में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए आदेशित किया गया था। उसी के परिपालन में सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगाया गया लेकिन उपभोक्ताओं के जब बिजली बिल आने लगा तो होश उड़ गए। उपभोक्ताओं ने चर्चा के दौरान बताया की पुराना मीटर मे दो सौ रूपये आते थे? अब स्मार्ट मीटर लगने पर सात या आठ सौ रुपये आया है। यहाँ तक हजारों में बिल आया है। आज बिजली ऑफिस मे बिल सुधार के लिए लंबी लाइन लगी हुई थी। लेकिन अधिकारियों के द्वारा सुधार किया गया। उक्त मीटर लगने का उपभोक्ताओं ने विरोध कर रहे है। ज्ञात हो कि आज कल दीपावली मेंटेनेंस के नाम पर लाइन कटौती किया जा रहा है। जिससे इलेक्ट्रॉनिक दुकान के व्यवसायी दुकान बंद था। जिससे लोगों के परेशानी उठाना पड़ा। अतः उपभोक्ताओं ने निर्धारित दर मे बिल लाने के मांग शासन प्रशासन से मांग की है।

### प्रदेशाध्यक्ष पद पर चुने गए जयबहादुर बंजारे



**पलारी।** सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति रायपुर की प्रांतीय बैठक रविवार को मुख्यालय दोंदेकला में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। इस अवसर पर जयबहादुर बंजारे को लगातार आठवीं बार प्रदेशाध्यक्ष चुना गया, वहीं महेश ढीढी तीसरी बार प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता नियुक्त किए गए।चयन के बाद प्रदेशाध्यक्ष जयबहादुर बंजारे ने सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "लगातार 25 वर्षों से जो विश्वास और सहयोग समाज ने मुझ पर जताया है, वही हमारी समिति की सबसे बड़ी ताकत है। संस्था समाज उत्थान और जागरूकता के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहेगी।" चुनी गई नई कार्यकारिणी में सरजुप्रसाद घृतलहरे और फूलचंद घृतलहरे संरक्षक, दिनेश खूंटे व पृथ्वीराज बघेल उपाध्यक्ष, सुश्री अंजलि शेष पेज 02 पर

# खिलाड़ियों के साहसिक प्रयास सराहनीय, खेल में संयम और आत्मविश्वास आवश्यक : अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिले में पहली बार 23वीं राज्य स्तरीय जूनियर (महिला-पुरुष) भारोत्तोलन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 10 से 12 अक्टूबर तक अंबेडकर भवन, सिविल लाइन में छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन संघ एवं जिला भारोत्तोलन संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई।

समापन समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि "भारोत्तोलन खेल में शक्ति, साहस और आत्मसंयम के साथ तकनीकी ज्ञान भी बेहद आवश्यक है। थोड़ा-सा असावधानी खेल की दिशा बदल सकती है।" उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, ब्लॉक खेल अधिकारी योगेश कटारिया सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 120 खिलाड़ी एवं कोच शामिल हुए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नवनीत मिश्रा, जयेश पंजवानी, कु. मेघा भगत, राजेश जंघेल, नंदू जंघेल एवं उत्तम कुमार साहू का विशेष योगदान रहा। समापन पर विजेताओं को मेडल, प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया

**खास बातें**

- मुख्य परिणामों में महिला टीम चैंपियन: राजनांदगांव (192 अंक), रनर-अप दुर्ग (149 अंक)
- पुरुष टीम चैंपियन: रायपुर (197 अंक), रनर-अप खेलो इंडिया सेंटर (179 अंक)
- बेस्ट लिफ्टर (महिला): कु. लुकेश्वरी साहू, रायपुर (273.30 अंक)
- बेस्ट लिफ्टर (पुरुष): रितेश यादव, राजनांदगांव (391.43 अंक)

**23वीं राज्य स्तरीय जूनियर भारोत्तोलन प्रतियोगिता**



## आयोजन : शताब्दी वर्ष पर बलौदा बाजार में स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

# स्वयंसेवकों ने बढ़ाया संगठन का गौरव सामाजिक समरसता और स्वदेशी पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदा बाजार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस वर्ष अपने शताब्दी वर्ष का उत्सव मना रहा है। इसी क्रम में देशभर में विजयादशमी से 15 अक्टूबर तक नगरों, बस्तियों और ग्रामों में स्वयंसेवकों के एकत्रीकरण एवं पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बलौदाबाजार जिले में संघ की संगठनात्मक संरचना के अंतर्गत सिमगा, भाटापारा, बलौदाबाजार, पलारी और कसडोल विकासखंडों के कुल 70 मंडलों तथा दो नगर बलौदाबाजार और भाटापारा की 12 बस्तियों में मिलाकर 82 स्थानों पर ये आयोजन संपन्न हो रहे हैं। जिलेभर के हजारों स्वयंसेवक इन कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

बलौदाबाजार नगर की पांच बस्तियों मांवली माता, भामाशाह, गुरु नानक, चाणक्य एवं वीर बंदा बैरागी बस्ती में गत तीन दिनों से स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण और संचालन आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का गर्मजोशी से स्वागत किया। संचलन के उपरांत शारीरिक प्रदर्शन एवं उद्बोधन का भी आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और मातृशक्तियां उपस्थित रहीं।



### समाज में समरसता, नशा मुक्ति और सेवा भाव पर दिया जोर



**सुहेला।** ग्राम छीराही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गुमा मंडल द्वारा विजयादशमी उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 172 लोगों की सहभागिता रही, जिनमें 54 गणवेशधारी स्वयंसेवक शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत प्राथमिक शाला से संचलन के रूप में हुई, जो गांव के विभिन्न मोहल्लों से होते हुए महामाया चौक तक पहुँचा। यहां मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवकर महाराज, संन्यास परंपरा, कबीर आश्रम से पधारे थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर हिंदू समाज के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज में समरसता, एकता तथा सेवा के भाव के साथ नशा मुक्ति की दिशा में ग्रामीणों को प्रेरित किया। मुख्य वक्ता माननीय डॉ. टोपलाल वर्मा, प्रान्त संघचालक, छत्तीसगढ़ प्रान्त रहे। उन्होंने अपने जन्मस्थान को नमन करते हुए संघ के निरंतर विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने संघ की स्थापना, समाज में स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों, जन जागरण और समाज संगठन की गतिविधियों का उल्लेख किया। डॉ. वर्मा ने संघ के शताब्दी वर्ष में आयोजित होने वाले प्रमुख कार्यक्रमों जैसे विजयादशमी उत्सव, वृहद गृह संपर्क अभियान, हिंदू सम्मेलन, युवाओं के विशेष कार्यक्रम, शेष पेज 02 पर

### समृद्ध हिन्दू समाज के निर्माण पर दिया बल

कार्यक्रम में प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख विश्वास जलताड़े एवं क्षेत्र बौद्धिक शिक्षण प्रमुख नागेन्द्र वशिष्ठ विशेष रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में संघ के शताब्दी वर्ष के ध्येय हर बस्ती व मंडल में सजग, जागृत, सक्षम और समृद्ध हिन्दू समाज के निर्माण— पर बल देते हुए सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी एवं नागरिक कर्तव्य जैसे पंच परिवर्तन विषयों पर विचार व्यक्त किए।

**ग्रामीणों में भारी आक्रोश**

## बरदा-ढनढनी मार्ग पर खंडित की हई वीर हनुमान की मूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंडा

लवन थाना क्षेत्र के ग्राम बरदा और ढनढनी गांव के बीच स्थापित वीर हनुमान की मूर्ति को अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा खंडित की जाने का मामला प्रकाश में आया हैं। यह पहला मामला नहीं है कि इस मार्ग की वीर हनुमान की मूर्ति को खंडित किया गया है। इससे पहले भी अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा तोड़फोड़ कर सड़क में फेंक दिया गया था।लगातार मूर्ति खंडित करने की मामला सामने आने के बाद प्रतिनिधियों व ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। जिसकी शिकायत लवन थाना में की गई।

- तीन बार पहले भी हो चुकी है ऐसी घटना, चौथी बार होने पर भड़का जनाक्रोश

बताया गया कि सोमवार की सुबह बरदा एवं ढनढनी के मध्य हनुमान की मूर्ति को अज्ञात लोगों के द्वारा खंडित किए जाने की घटना से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। यह घटना रविवार एवं सोमवार रात्रि की बताई जा रही है। ग्रामीणों ने सुबह देखा तो हनुमान की मूर्ति को खंडित अवस्था में पाया गया। जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। जिसके बाद आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने कहा कि यह चौथी बार है जब इलाके में ऐसी शर्मनाक हरकत की गई।

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

उक्त घटना के बाद से ग्रामीणों में असंतोष और नाराजगी बढ़ती जा रही है। धार्मिक आस्था से जुड़े होने के चलते कोमल वर्मा के द्वारा लवन थाना में शिकायत दर्ज कराया गया जिसके बाद लवन थाना पुलिस पहुंचकर जांच में जुट गई है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ में मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की कार्यवाही की जायेगी।

## बच्चों ने दीपावली पर बीईओ को सप्रेम भेंट किया दीपक



**बलौदाबाजार।** दीपावली के पावन अवसर पर शाश्वत स्कूल बलौदाबाजार के बच्चों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सप्रेम दीया भेंट कर अपने सम्मान और शुभकामनाओं की अभिव्यक्ति की। यह भावपूर्ण पहल बच्चों के संस्कार, सम्मान और कृतज्ञता की प्रतीक रही। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने दीपावली के महत्व, प्रकाश के प्रतीक स्वरूप और अच्छाई की जीत के संदेश शेष पेज 02 पर

## हिरमी में उचित मूल्य की दुकान का हुआ उद्घाटन, लोगों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिरमी रावन

ग्राम पंचायत हिरमी में ग्रामीणों की सुविधा को देखते हुए एक और नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान (सोसाइटी) का उद्घाटन पूजा कार्यक्रम के साथ संपन्न किया गया। यह गाँव की दूसरी उचित मूल्य की दुकान होगी, जिससे वार्ड क्रमांक 11 से 20 तक राशन लेने वाले हितग्राहियों को बड़ी राहत मिलेगी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शेष पेज 02 पर

- महिला स्व-सहायता समूह को सौंपी गई जिम्मेदारी, सशक्तिकरण को मिलेगा बल



## गौठान में भूख-प्यास से मरे दर्जनों मवेशी

**ग्रामीणों में भारी आक्रोश**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संडी बंगला

ग्राम पंचायत मुड़पार संडी के गौठान में इन दिनों दिल दहला देने वाली दृश्य सामने आ रहा है। जिस गौठान को गायों की सेवा और संरक्षण का प्रतीक माना जाता है, वहीं अब वह मवेशियों की मौत गाह बन चुका है। गौठान परिसर में दर्जनों गाय और बछड़े भूख-प्यास से तड़प-तड़प कर दम तोड़ रहे हैं, जबकि जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौन बने हुए हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, गौठान में चारे का भारी अभाव है। न पानी की उचित व्यवस्था है, न ही किसी प्रकार की देखरेख। मवेशी खुले आसमान के नीचे, भूख और प्यास से बेहाल होकर गिर पड़ते हैं और धीरे-धीरे मौत की नींद सो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि



रोजाना लगभग 10 से 20 मवेशियों की मौत हो रही है, लेकिन जिम्मेदारों की नींद अब तक नहीं टूटी है।

**प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग:** मुड़पार संडी के ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को शिकायत दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिला प्रशासन से तत्काल निराकरण की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही चारा, पानी और चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था नहीं की गई, तो गौठान में मवेशियों की मौत का सिलसिला बढ़ता जाएगा।

### रोका-छेका के नाम पर किसानों से ली गई राशि

ग्रामीण किसानों ने बताया कि गौठान समिति द्वारा 'रोका-छेका' और मवेशियों की देखरेख के नाम पर प्रति एकड़ 400 तक की वसूली की गई थी। वहीं किसानों को भरोसा दिलाया गया कि इन पैसों से गायों की सुरक्षा, चारा-पानी और चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की जाएगी। लेकिन आज हालात यह हैं कि वही गायें, जिन्हें माँ कहा जाता है, सड़क किनारे या गौठान में सड़ रही हैं, और प्रशासन की संवेदनाएँ कहीं खो गई हैं।

**जन-जन में खेल भावना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है उद्देश्य**

# कनकी में जोन स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

रायपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सांसद खेल महोत्सव के तहत जोन स्तरीय दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन कनकी में किया गया। यह आयोजन खेलो इंडिया एवं फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जन-जन में खेल भावना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक संतोष शर्मा ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव 21 सितंबर से प्रारंभ होकर 25 दिसंबर तक चलेगा। इसी क्रम में जोन स्तरीय प्रतियोगिताएं कनकी में आयोजित की जा रही हैं, जिसमें विभिन्न विद्यालयों और ग्राम पंचायतों से खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षकों राम निषाद, परस कुमार देवांगन, संजय कुमार सायतोड़े, युगलकिशोर वर्मा, दिनेश कुमार साहू, युधिष्ठिर बुडेक, एवं तारकेश्वर कुमार धीवर ने संयुक्त रूप से कहा कि यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि समाज में एकता, अनुशासन और स्वास्थ्य के प्रति चेतना फैलाने का एक सशक्त माध्यम है। इसमें बच्चों से लेकर युवा, बुजुर्ग, माताएं और बहनें तक सभी वर्गों की भागीदारी देखने को मिल रही है।



### खिलाड़ियों में दिखा जोश और उत्साह

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि इस आयोजन में खो-खो, कुश्ती, वालीबाल, बास्केटबाल, भारोत्तोलन, तैराकी, शरीर सौष्ठव, शतरंज, फुगड़ी, कबड्डी, गेड़ी दौड़, रस्सा कसी एवं रस्सी कूद जैसे विविध खेलों का आयोजन किया जा रहा है। खिलाड़ियों ने जोश और उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिससे पूरा वातावरण खेल मे और ऊर्जावान हो उठा। इस आयोजन में समन्वयकगण कांत कन्नौजे, संजय वर्मा, लखेश्वर वर्मा, कैलाश कुमार बघेल, एवं झालाराम वर्मा का सक्रिय सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप



### महिला योग पतंजलि समिति ने चलाया स्वच्छता अभियान

**पलारी।** महिला पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया।जिसमें पलारी के गायत्री मंदिर परिसर एवं आस पास को सफाई किया गया। इसमें नगर पालिका के स्वच्छता कर्मियो के साथ मिलकर सफाई कार्य किया गया। सफाई अभियान में महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी मीना साहू , तहसील प्रभारी हेमलता कनौजे, सती वर्मा, पद्मनी ध्रुव, दुर्गा वर्मा, मधु सरसिया, पूर्णिमा वर्मा, नीरा वर्मा, ख़ुमेश्वरी वर्मा, रमेश वर्मा, आशा बायी छदैय्या, डायमंड वर्मा, संतोष छदैय्या, कुलेश्वर निषाद, शशी छदैय्या, बिन्दे देवदास, लक्ष्मी छदैय्या, रूपेन्द्र यादव, खिलावन छदैय्या, पीतांबर, हिमांशु, मिथलेश सेन, राकेश कुर्रे आदि शामिल हुए।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।**भलेसर के आम बगीचा के पास कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी गोपाल यादव पिता महेशु यादव (32 साल) निवासी वार्ड नं 02 बोरियाझर के कब्जे से कच्ची अवैध महुआ शराब 10 लीटर, कीमत 2,000 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

## पेज 03 के शेष

### समाज में समरसता...

सामाजिक सद्भाव और प्रमुख जन गोष्ठियों की जानकारी दी। उन्होंने प्रबुद्धजनों के माध्यम से समाज में पाँच महत्वपूर्ण बातों के प्रचार पर बल दिया- सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, परिवार प्रबोधन, स्वआधारित जीवन शैली, नागरिक कर्तव्य बोध । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत और जयघोष के साथ हुआ। गांव के लोगों में उत्सव को लेकर उत्साह और सहभागिता अत्यंत सराहनीय रही।

### बच्चों ने दीपावली...

पर भी चर्चा की। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों के इस स्नेहपूर्ण व्यवहार की सराहना करते हुए कहा, "बच्चों के इस सप्रेम उपहार से मैं अभिभूत हूं। दीपावली का यह पर्व हमें प्रकाश, ज्ञान और सद्भावना की राह दिखाता है।" उन्होंने सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य और दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में सम्मान, कृतज्ञता और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करना तथा गुरुजनों के प्रति आदरभाव विकसित करना था।

### हिरमी में उचित ...

डां मोहन लाल वर्मा सभापति उद्योग विभाग जिला पंचायत बलौदाबाजार के उपस्थित रहे। भारत माता की पूजा कर श्रीफल के साथ विधिवत दुकान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉ. वर्मा ने ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि अब लोगों को राशन के लिए लंबी कतारों में नहीं लगना पड़ेगा और उन्हें घर के पास ही उचित मूल्य पर राशन उपलब्ध होगा। वही दूसरी दुकान खुलने से ग्रामवासियों की पुरानी मांग पूरी हुई है और यह सुविधा लोगों के लिए बहुत लाभकारी सिद्ध होगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बुद्धेश्वर धीवर, श्याम फेकर, झंगलू यादव, रूपेंद्र साहू, लक्ष्मी मुकेश सिन्हा, गिरजा साहू, गरीबीन ध्रुव, गजेंद्र चक्रधारी, सोसाइटी महिला समूह की संचालक शांता साहू, विष्णु भारती, रंगनाथ वर्मा सहित समस्त पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। दिलेश्वर मढरिया ने बताया कि नई उचित मूल्य की दुकान का संचालन महिला स्व-सहायता समूह द्वारा किया जाएगा, जिससे महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिलेगा।

### प्रदेशाध्यक्ष पद पर

बरमाल महिला उपाध्यक्ष, रमेश बंजारे महासचिव, कृष्णकुमार बरमाल कोषाध्यक्ष, राजमहंत बद्री प्रसाद टंडन सह सचिव सहित अन्य सदस्य शामिल हैं। बैठक में समिति की आगामी सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों पर भी चर्चा की गई।

**आयोजन : दतान जोन में सांसद युवा खेल महोत्सव का जोश भरा आगाज़**

# खेलों से होता है युवाओं में अनुशासन फिटनेस और टीमवर्क की भावना का संचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

दतान प जोन में सांसद युवा खेल महोत्सव शुभारंभ मुख्य वक्ता पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक योगेश चंद्राकर, वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा दुर्गा महेश्वर, जिला उपाध्यक्ष नन्दकुमार वर्मा, अध्यक्ष मंडल पलारी पवन वर्मा, जनपद अध्यक्ष पलारी सविता भीम यादव के आतिथ्य में दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मुख्य वक्ता योगेश चन्द्राकर ने कहा कि यह एक ऐसा आयोजन है जिसका उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन, टीमवर्क और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना है,तथा ऐसे आयोजनों से युवाओं को अवसर प्रदान मिलने का सशक्त माध्यम है तथा युवा इससे प्रेरित होंगे। यह कार्यक्रम देश के विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में स्थानीय सांसदों द्वारा आयोजित किया जाता है।

**प्रतिभाओं को सामने लाना है उद्देश्यः** सांसद युवा खेल महोत्सव भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट और खेलो इंडिया अभियान से प्रेरित है। इसमें स्थानीय स्तर पर युवाओं को खेलों में भाग लेने का अवसर मिलता है, ताकि ग्राम, ब्लॉक, जिला और संसदीय स्तर तक खेल प्रतिभाओं की खोज की जा सके। और इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की छुपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाना। नशा-मुक्त और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना। एक भारत श्रेष्ठ भारत" की भावना को मजबूत करना। खेलों के माध्यम से सामाजिक एकता और अनुशासन को प्रोत्साहित करना।

इस महोत्सव में कई पारंपरिक और आधुनिक खेल शामिल होते हैं, जैसे—कबड्डी, खो-खो, वॉली, रसा खिंच जैसे खेल शामिल है। इस दौरान बीईओ नरेश वर्मा,एस डी एम दीपक निकुंज, सीईओ पन्नालाल ध्रुवे, प्रभारी प्रचार्य मनोज वर्मा, महामंत्री संतोष वर्मा, केजुराम साहू, सरपंच अंजली फेकर, सरपंच चुचरुंगपुर वर्मा, जनपद सदस्य जामवंती नीलकमल साहू, अध्यक्ष जनभागीदारी दतान साधराम बारले, किशन वर्मा, केशरी वर्मा, कुँवर रजक, हेमलाल साहू, लालकुमार साहू, सहित दतान जोन के शिक्षक एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।




### खिलाड़ियों ने दिखाया जोश, ग्रामीणों ने बढ़ाया मनोबल

**घोटिया ।** ग्राम पंचायत छेरकापुर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ शुभारंभ हुआ। खेल के इस महाकुंभ में आसपास की ग्राम पंचायतों के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करने जा रहे हैं।शुभारंभ अवसर पर जनपद सदस्य रामबाबू पटेल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि विनय साहू, उपसरपंच पंकज साहू, सचिव दीनदयाल साहू, जितेंद्र साहू, तथा प्राचार्य सेजेस छेरकापुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में सम्मिलित ग्राम पंचायतें अमेरा, केसला, बिनौरी, छड़िया, छेरकाडीह, कोसमंदा, कोनारी, तिल्दा, गदहिडीह, मल्लिन, लच्छनपुर, ठेलकी के खिलाड़ी एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने खेल भावना से ओतप्रोत इस आयोजन का स्वागत किया। हमारे युवाओं में अपार संभावनाएं हैं, हमें सही दिशा देने की जरूरत है। उन्होंने प्रतिभागियों से खेल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आग्रह किया। संबोधन के दौरान अतिथियों ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव न केवल युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाता है। बल्कि उन्हें अनुशासन, मेहनत और टीम भावना का भी पाठ पढ़ाता है। ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार के आयोजन प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं।





# नपाध्यक्ष ने किया मंडी रोड क्षेत्र का निरीक्षण, चलाया सघन सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

स्वच्छता अभियान के तहत नगर पालिका बलौदाबाजार द्वारा मंडी रोड एवं स्थानीय सब्जी मंडी क्षेत्र में सघन सफाई अभियान चलाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सफाई कार्यों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी के निर्देशन में स्वच्छता टीम ने पूरे क्षेत्र में गंदगी की सफाई कर कचरा निस्तारण का कार्य किया।

इस दौरान अध्यक्ष अशोक जैन ने व्यापारियों और सब्जी विक्रेताओं से अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को निर्धारित स्थान पर रखें तथा स्वच्छता गाड़ी आने पर ही उसे सौंपें, ताकि बाजार क्षेत्र स्वच्छ और सुंदर बना रहे। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने स्वयं सफाई कर्मियों के साथ रहकर सफाई कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई। व्यापारी वर्ग एवं स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका के इस प्रयास की सराहना करते हुए अध्यक्ष अशोक जैन और पार्षदगणों का आभार व्यक्त किया।

# कौशल विकास एवं पुस्तक यात्रा का पलारी में हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

विश्वरंग 2025 के अंतर्गत डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय एवं आईसेक्ट भोपाल के तत्वाधान में 6 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ हुई पुस्तक यात्रा और कौशल विकास यात्रा का विगत दिनों आईसेक्ट कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र पलारी में भव्य स्वागत किया गया। जिसमें स्टेट क्वाडिनेटर अब्दुल मशीन एवं उनकी टीम के द्वारा छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ए आई, कौशल विकास एवं पुस्तक के बारे में बारीकी से जानकारी दी गई टीम के सदस्यों के द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पर विस्तृत जानकारी छात्रों के साथ साझा किया गया। संस्था के प्रमुख जनिक राम वर्मा ने आभार व्यक्त किया साथ ही इस कार्यक्रम का समापन बलौदाबाजार में मंत्री टंकराम वर्मा के द्वारा किया गया जिन्होंने छात्रों को तीन बातों का विशेष ध्यान रखने कहा गया अपनी संगत अच्छी हो, अच्छी चीज सुने एवं देखे जिसमें हमारा भविष्य उज्ज्वल हो। मंत्री के द्वारा युवा वर्ग को सोशल मीडिया से दूर रहने एवं पुस्तक पर ध्यान केंद्रित करने को कहा गया।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का सफल आयोजन, छात्रों ने दिखाया उत्साह



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज, हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित 'भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा' का आयोजन 13 अक्टूबर 2025 को बलौदाबाजार जिला के ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरमी केंद्र पर सफलतापूर्वक किया गया। आयोजित इस परीक्षा में 314 छात्रों ने भाग लिया और भारतीय संस्कृति, सभ्यता तथा नैतिक मूल्यों के प्रति अपना ज्ञान और रुचि प्रदर्शित की।

उद्देश्य और महत्व विद्यालय के प्राचार्य पी आर वर्मा ने कहा यह परीक्षा केवल एक अकादमिक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारतीय संस्कृति के गौरवशाली अतीत, जीवन-मूल्यों, नैतिक शिक्षा और महान विभूतियों के बारे में जागरूक करना है। आयोजकों के अनुसार, इस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थी अपनी सांस्कृतिक जड़ों को समझते हैं और उनमें अच्छे संस्कार, चरित्र-निर्माण और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

छात्रों में दिखा उत्साहः बलौदाबाजार जिला में स्थित विद्यालयों में परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही छात्रों का उत्साह देखने को मिला। शिक्षकों और गायत्री परिवार के स्थानीय समन्वयकों ने परीक्षा के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुरस्कार एवं सम्मान भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी इंदु रानी वर्मा ने बताई परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद राज्य, जिला एवं तहसील स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा।

# भाजपा किसान मोर्चा ने की टिफिन परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा किसान मोर्चा रायपुर ग्रामीण द्वारा टिफिन परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परिचर्चा के दौरान मोदी सरकार एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं एवं नीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। यह कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा आलोक सिंह ठाकुर जी के मार्गदर्शन में तथा राष्ट्रीय प्रभारी राजकुमार चाहत एवं प्रदेश सचेतक बजरंग प्रसाद यादव के सफल कार्यक्रम संचालन निर्देशों के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रायपुर ग्रामीण प्रभारी धीरज मिश्रा, प्रदेश मंत्री खिलावन (बबलू) शर्मा, रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष अनिल नायक, कोषाध्यक्ष राजकुमार ठाकुर , मारुति नंदन वर्मा, नंदपाल, उत्तम वर्मा, भुवनेश्वर खुटे, कुबेर हनुमंत एवं नितेश भोजवानी सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भाजपा की विचारधारा, नीति एवं रीति को अधिक से अधिक किसानों तक पहुँचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन राजकुमार ठाकुर द्वारा किया गया। संपूर्ण आयोजन रायपुर जिला ग्रामीण किसान मोर्चा की ओर से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हेल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130






सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
10 अक्टूबर 2025 SHOW TIME
कांतारा-2
शो समय -12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
सायरा खान केस
शो समय - 3:00 PM, 9:00 PM
कंट्रोल
शो समय - 6:00 PM
जय सीतला मईया (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# अव्यवस्थित पाइपलाइन विस्तार से नगरवासियों को झेलनी पड़ रही असुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर में पानी की समस्या को दूर करने के लिए वर्ष 2014-15 में तत्कालीन विधायक देवजी पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से खरोरा विकास यात्रा के दौरान जल आपूर्ति योजना की घोषणा करवाई थी। कार्य आदेश भी जारी हुए, परंतु सत्ता परिवर्तन के बाद यह परियोजना वर्षों तक ठंडे बस्ते में पड़ी रही। कांग्रेस शासनकाल में विधायक अनीता शर्मा के प्रयासों से कार्य दोबारा प्रारंभ हुआ, किंतु लगभग दस वर्षों तक नगरवासी पानी की कमी से जूझते रहे।वर्तमान में पाइपलाइन विस्तार कार्य प्रारंभ तो हुआ है, परंतु अधूरा व अव्यवस्थित निर्माण लोगों के लिए नई परेशानी बन





गया है। दीपावली के समय हो रही सड़कों की खुदाई से नगरवासियों को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। नागरिकों का कहना है कि यदि कार्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों की देखरेख में होता, तो स्थिति बेहतर होती। सूत्रों के अनुसार कार्य बिना समुचित स्टीमेट और तकनीकी दिशा-निर्देश के हो रहा है। मजदूरों द्वारा रेत के बिना पाइप बिछाने से भविष्य में लीकेज की संभावना भी बढ़ सकती है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की इंजीनियर रानू दीनकर ने पहले कार्य को सही बताया, पर बाद में बयान से पलट गईं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अधिकारियों की मनमानी पर नाराजगी जताते हुए स्वयं निरीक्षण करने की बात कही है।

## खबर संक्षेप



### निर्विरोध अध्यक्ष बने रोहित टण्डन

**बगबुडा।** महंत नैयनदास महिलांग स्मृति स्थल बलौदाबाजार में रविवार को दोपहर 12 बजे बैठक रखा गया था। बैठक में संगठन विस्तार अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के निर्विरोध मनोनयन किया गया। जिसमें महंत नैयनदास महिलांग स्मृति स्थल के निर्विरोध अध्यक्ष रोहित टण्डन को सर्वसम्मति से बनाया गया। साथ ही उपाध्यक्ष अशोक घृतलहरे, सचिव ओमप्रकाश कोसले, कोषाध्यक्ष संतोष सोनवानी एवं सह सचिव सहदेव जोशी को मनोनयन किया गया।

### धूमधाम से मना करवा चौथ का पर्व





**खरोरा ।** विगतदिनों सुहागिनों ने अपने पति की लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और सौभाग्य की कामना करते हुए करवा चौथ का निर्जला व्रत रखा। इस अवसर पर महिलाओं ने सूर्योदय से पहले उठकर भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश जी और कार्तिकेय की विधिवत पूजा-अर्चना की। करवा चौथ के दिन महिलाएं पूरे दिन की अन्न-जल त्याग करती हैं और करवा ने माता की पूजा करती हैं। कलश में रखे ओं जल को करवा माता का प्रतीक मानकर देश उसकी विधिपूर्वक पूजा की जाती है। रात्रि को चंद्रमा के दर्शन के बाद और महिलाएं छलनी से चांद को देखकर और फिर अपने पति की झलक लेकर, कृति उनके हाथों से जल ग्रहण कर व्रत का में पारण करती हैं। नगर और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में करवा चौथ पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया । अश्विनी वर्मा-योगश्वरी ने संदर्भ डालते हुए बताया कि शिव पार्वती करवा माता की पूजा करते हुए हुए एक दूसरे की प्रेम और विश्वास की प्रतीक माना गया। महिला सूर्यउदय से चन्द्रोदय तक निर्जला व्रत रखी। सभी आंचल को करवा चौथ, धनतेरस, लक्ष्मी पूजा, दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

## निधन

### उमेद राम साहू

**बलौदाबाजार।** ग्राम रिसदा



निवासी एवं ग्राम पंचायत रिसदा के पूर्व सरपंच, वरिष्ठ कांग्रेसी उमेद राम साहू का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अन्तिम संस्कार ग्राम रिसदा मुक्तिधाम में आज होगा।

**आयोजन :** नागरिकों ने घरों की छतों से पुष्पवर्षा किया स्वागत

# भटगांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन, नगर हुआ भगवामय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को भटगांव में ऐतिहासिक पथ संचलन का आयोजन किया गया। नगर की गलियां भगवा रंग में रंग उठीं, हर गली-मोहल्ले में "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के जयघोष गूंजते रहे। कदम चौक स्थित प्राथमिक शाला प्रांगण से प्रारंभ हुआ संचलन नगर के 14 प्रमुख चौकों से होता हुआ सेजेस स्कूल परिसर में संपन्न हुआ, जहां बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया।

सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासनबद्ध पंक्तियों में कदमताल करते निकले। नागरिकों ने घरों की छतों से पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। स्थानीय नागरिक विजय साहू ने कहा कि ऐसा अनुशासन और एकता पहले कभी नहीं



देखी, आज गर्व है कि हम भटगांव के निवासी हैं। बौद्धिक सत्र में छत्तीसगढ़ प्रांत के सह-बौद्धिक प्रमुख डॉ. ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष आत्ममंथन और संकल्प का समय है।

उन्होंने पंच परिवर्तन की अवधारणा पर समाज, शिक्षा, संस्कृति, पर्यावरण और अर्थ व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव का आह्वान किया।

इस अवसर पर सारंगढ बिलाईगढ़ जिला के पूर्व जिला संघचालक डॉक्टर गिरीश शंकर वैष्णव, शैलेंद्र अगस्ति, हेमचन्द्र साहू, देवेंद्र खूंटे, तुलसी आदित्य, चिराग साहू, विक्रम कुर्रे, प्रदीप देवांगन, रेवती चंद्रा, डॉक्टर दिनेश लाल जांगड़े, डॉक्टर पुष्पेंद्र वैष्णव, बोधिराम साहू, डॉक्टर प्रकाश कुर्रे, टाइगर कुर्रे, मनोहर टन्डन, गौरीशंकर सोनवानी, पप्पु यादव, संजीव साहू (गुड्डा साहू), मनोहर सरजाल सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने किया भव्य पथ संचलन

**सिमगा ।** नगर के खेल मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में एकत्रित हुए। जहां से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अनुशासित भव्य पथ संचलन करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण किया । इस दौरान पथ संचलन में देशभक्ति के जयघोष गूंजते रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विश्व कल्याण के उद्देश्य से कार्य करते हुए शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विजेन्द्र शुक्ला प्रांत सचिव जम्मू-कश्मीर अध्ययन केन्द्र छत्तीसगढ़ ने बधाई देते हुए विजयदशमी पर्व के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व बताते हुए युवा पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि राकेश कुमार ध्रुव पूर्व सैनिक ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि देश सेवा की भावना को प्रबल करने का आह्वान किया । इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देना है । कार्यक्रम की अध्यक्षता चिमन देवांगन, खण्ड संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सिमगा ने की। उन्होंने संघ की कार्यशैली एवं संगठनात्मक मूल्यों पर बल दिया। नगरवासियों ने पूरे उत्साह से कार्यक्रम में भाग लिया ।



# हाईस्कूल के सामने खुलेआम बिक रही अवैध शराब

## ग्रामीणों ने जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

थाना लवन क्षेत्र के ग्राम दतान (ख) में अवैध शराब बिक्री को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने थाना पहुंचकर थाना प्रभारी अमित पाटले को ज्ञापन सौंपा और गांव में अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सभा में सर्वसम्मति से शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया था, बावजूद इसके कुछ लोगों द्वारा चोरी-छिपे शराब बेची जा रही है। हैरानी की बात यह है कि एक शराब विक्रेता द्वारा शासकीय हाईस्कूल के ठीक सामने देशी, अंग्रेजी और महुआ शराब खुलेआम बेची जा रही है। स्कूल के आसपास 12 से 15 गांवों के बच्चे पढ़ने आते हैं, जिससे छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को असुविधा हो रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नशे में धुत लोग स्कूल परिसर के पास ही शराब पीकर शीशे और कचरा फेंक देते हैं, जिससे माहौल दूषित हो रहा है। छात्राओं के साथ छींटाकसी की घटनाएं भी सामने आई हैं। महिलाओं के घर से निकलने में परेशानी हो रही है और शराबखोरी से गांव का वातावरण बिगड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने में सरपंच चंदादेवी महिलांग, उपसरपंच रामप्रसाद ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# तुलसी प्रसाद को मिला स्व. नरेंद्र चंद्राकर स्मृति छत्तीसगढ़ गौरव अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

राजधानी रायपुर के विमतारा सभागृह में शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा कर्मचारी नेता स्व. नरेंद्र सिंह चंद्राकर की स्मृति में छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025 का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत प्रदेश में विविध क्षेत्रों में कार्यरत प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में शिक्षा , नवाचार, कला संस्कृति , बालिका शिक्षा आदि क्षेत्र में उत्कृष्ट और अप्रतिम कार्य शैली के लिए कसडोल विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षक तुलसी प्रसाद साहू को छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025 से



सम्मानित किया गया। श्री साहू को स्व. नरेंद्र चंद्राकर स्मृति में आरम्भ किए गए इस अवार्ड से सम्मानित होने पर विशेष उत्साहित की अनुभूति हुई। इस सम्मान हेतु मीना भारद्वाज, निधि चंद्राकर, संजय मैथिल, परसराम साहू, महेत्तर लाल देवांगन, महादेव जयसवाल सहित समस्त आयोजक मंडल का श्री साहू ने हृदय से आभार जताया है।

# मुड़पार में हुई भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा

**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुड़पार में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा 2025 का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के कुल 57 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा केंद्र प्रभारी मोहनलाल वर्मा (प्रभारी प्रधान पाठक) ने बताया कि ऐसे प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास, मानसिक एवं बौद्धिक प्रगति होती है तथा भारतीय संस्कृति के प्रति जिज्ञासा और गौरव की भावना जागृत होती है। इस प्रतियोगिता का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में



किया गया। संस्था द्वारा प्रावीण्य क्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि तथा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। परीक्षा के सफल संचालन में गोविंद राम साहू (शिक्षक एलबी), मालती साहू, तथा सल तेजस्वी वर्मा (मानसेवी शिक्षिका) ने सहयोगी के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई

# कलयुग में भगवान की कथा करने व सुनने का बहुत बड़ा महत्व है: पं. दुर्गेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

ग्राम भवानीपुर में स्वर्गीय द्रौपदी बाई चंद्राकर के वार्षिक श्राद्ध पर 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। व्यास पीठ पर वैदिक रीति नीति एवं मंत्रोच्चार के बीच कलशों की स्थापना की गई। भागवताचार्य पंडित दुर्गेश धर्माचार्य महाराज ने कहा कि कलयुग में भागवत कथा कराने एवं सुनने का बहुत बड़ा महत्व है। उन्होंने भागवत कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने को कहा। ग्राम भवानीपुर के महामाया मंदिर स्थित श्रीमद् भागवत पंडाल से वैदिक रीति के साथ शुरू हुई कलश शोभायात्रा में ग्राम की महिलाओं सैकड़ो की संख्या में कलश यात्रा में शामिल होकर सिर पर कलश रख कर गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। ग्राम के गली



मोहल्ले बस स्टैंड होकर मंदिर पारा होकर गुजरकर श्रीमद् भागवत कथा पंडाल में कलश को स्थापना की गई।आयोजकों ने कहा कि भागवत कथा प्रतिदिन पं.दुर्गेश धर्माचार्य महाराज के द्वारा अपराह्न 3 बजे से सांय 7 बजे तक कथा का आयोजन किया जाएगा। इस श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन से समूचा क्षेत्र भक्तिमय का वातावरण बना हुआ है, भागवत कथा में आस पास क्षेत्र लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा का श्रवण कर रहे है।

### ये रहे उपस्थित

कथा सुनने में आयोजक परिवार भेखलाल- पूर्णिमा चंद्राकर, अशोक-निर्मला चंद्राकर, रामस्वरूप चंद्राकर, त्रिलोक चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर, पवन चंद्राकर, पीयूष चंद्राकर, जितेंद्र, राजेश, दीपक चंद्राकर, रूपराम साहू, तुलसीराम साहू, धनेश्वर साहू, प्रदीप चंद्राकर, गौराम साहू, मदन साहू, सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे।

**बलिदान, सेवा और सत्य का संदेश लेकर पहुंची ऐतिहासिक शहीदी यात्रा**

# भाटापारा में नगर कीर्तन का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

हिंद दी चादर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें प्रकाश पर्व एवं शहादत शताब्दी वर्ष के अवसर पर निकाली जा रही ऐतिहासिक नगर कीर्तन एवं शहीदी यात्रा का शनिवार को भाटापारा आगमन हुआ। इस अवसर पर नगरवासियों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में भारतीय जनता

- श्रद्धा, भक्ति और एकता का अद्भुत संगम, नगरवासियों ने हाथ जोड़ कर की अगवानी



पार्टी के कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। नगर कीर्तन में पवित्र श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की अगवानी की गई, जहां श्रद्धालुओं ने माथा टेककर आशीर्वाद लिया और सर्व समाज के उत्थान, कल्याण एवं विकास हेतु प्रार्थना की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उनका यह त्याग धर्म, मानवता और सत्य के मार्ग पर चलने की अमर प्रेरणा देता है नगर कीर्तन यात्रा ने गुरु साहिब जी के बलिदान, सेवा और त्याग की अमर गाथा को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य किया, जिससे आने वाली पीढ़ियाँ धर्म, एकता और मानवता के आदर्शों से प्रेरणा ले सकेंगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर राकेश तिवारी पूर्व जिलामहामंत्री, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, पार्षद बब्बू मंधान, सतीश साहू, नंदू वैष्णव, मनीष मिश्रा, मनीष पंजवानी, शुभम राजपूत, भाजयुमो शहर अध्यक्ष आशीष टोडर, काके, सुरेंद्र डागोर, अमित सिंह, गोपी ध्रुव, सहित पार्टी पदाधिकारी एवं गणमान्य जन उपस्थित थे।

